abp LIVE

# UP News: मुजफ्फरनगर में पुलिस रेड में मिली बड़ी कामयाबी, 30 लाख के अवैध शराब सहित 12 आरोपी को किया गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर में पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है. यहां पुलिस ने अपने एक रेड में 30 लाख रुपये की अवैध शराब बरामद की है. इसके अलावा पुलिस ने 12 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है.

By: ABP Ganga | Updated : 29 Dec 2021 07:00 AM (IST)



**Police Raid on Liquor Mafia:** मुजफ्फरनगर पुलिस ने अवैध शराब के बड़े खेल का खुलासा किया है. पुलिस ने रेड मारते हुए शराब के बड़े खेप को अपने कब्जे में किया है. पुलिस ने अपने इस रेड में 12 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है. पुलिस द्वारा बरामद अवैध शराब और कुल माल की कीमत तीस लाख रुपये बताई जा रही है. पुलिस द्वारा पकड़े गए शराब के इस बड़ी खेप से सरकार को एक करोड़ 20 लाख रुपये के राजस्व की हानि शराब के अवैध धंधे से हो रही थी.

**पुलिस को हाथ लगी बड़ी कामयाबी**

विधानसभा चुनाव से पहले मुजफ्फरनगर पुलिस ने अवैध शराब के बड़े खेल का खुलासा किया है. विधानसभा चुनाव में बड़े स्तर पर सप्लाई के लिए खतौली के यमुना विहार में बनाई जा रही अवैध शराब के खेल को पकड़ा है. अंतरराज्यीय गिरोह के 12 आरोपी पकड़े गए हैं. एसएसपी अभिषेक यादव ने बताया कि बरामद अवैध शराब और कुल माल की कीमत तीस लाख रुपये है. सरकार को एक करोड़ 20 लाख रुपये के राजस्व की हानि इस शराब के अवैध धंधे से हो रही थी. विधानसभा चुनाव में कई राज्यों में यहां से शराब सप्लाई किए जाने की तैयारी थी. जानकारी के अनुसार आरोपियों के कब्जे से 5760 पव्वे, 264 हाफ, 76 हज़ार ढक्कन समेत अन्य सामान बरामद किए गए हैं. आरोपी मेरठ, मुजफ्फरनगर, बागपत व देहरादून के रहने वाले हैं.

**पुलिस को मिलेगा 50 हजार का इनाम**

एसएसपी ने बताया कि मेरठ के दौराला निवासी नरेश, सचिन, रवि, जीतू व पीयूष, मुजफ्फरनगर के पटेलनगर निवासी अमित, सुमित, सिसौली निवासी अजय व चरथावल निवासी अशोक, बागपत के फजलपुर निवासी सोमदेव, देहरादून निवासी सुनील चौहान और राकेश कुमार पकड़े गए हैं. मुख्य आरोपी नरेश है, वह पहले भी जेल जा चुका है. एडीजी मेरठ ने पुलिस टीम को 50 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की है.

Source: https://www.abplive.com/states/up-uk/big-success-in-police-raid-in-muzaffarnagar-arrested-12-accused-including-illegal-liquor-worth-30-lakhs-ann-2026974